# 27 राजस्थान के प्रमुख संग्रहालय

1. हल्दीघाटी में महाराणा प्रताप संग्रहालय की स्थापना किसके द्वारा की गई?
(1) अरविन्द सिंह मेवाड़ (2) कोमल कोठारी
(3) मोहन श्रीमाली (4) देवीलाल सामर (3)

2. श्री सरस्वती पुस्तकालय, जो अलभ्य एवं दुर्लभ साहित्य का अप्रतिम खजाना हैं, स्थित है?
(1) उदयपुर (2) फतेहपुर (सीकर)
(3) पिलानी (झुंझनू) (4) सरदारशहर (चुरू) (2)

3. राजपूताना म्यूजियम कहाँ स्थित है?
(1) जयपुर (2) कोटा
(3) जोधपुर (4) अजमेर (4)

**व्याख्या–** अजमेर के मैगजीन दुर्ग में स्थित राजकीय संग्रहालय का उद्घाटन 19 अक्टूबर, 1908 को राजपूताना के तत्कालीन एजीजी कॉल्विन द्वारा किया गया था। तब इसे राजपूताना म्यूजियम के नाम से जाना गया।

4. निम्न में से असत्य युग्म है–
(1) सिटी पैलेस म्यूजियम–उदयपुर
(2) आहड़ संग्रहालय–उदयपुर
(3) बागोर हवेली संग्रहालय–उदयपुर
(4) हल्दीघाटी संग्रहालय– उदयपुर (4)

**व्याख्या–** हल्दीघाटी संग्रहालय राजसमंद में स्थित है। यहाँ महाराणा प्रताप के जीवन की घटनाओं को संजोने के लिये संग्रहालय का निर्माण शिक्षक मोहनलाल श्रीमाली ने अपने निजी खर्च से किया है।

5. माणिक्यलाल वर्मा जनजाति संग्रहालय कहाँ स्थित है?
(1) डूँगरपुर (2) प्रतापगढ़
(3) उदयपुर (4) जोधपुर (3)

**व्याख्या–** माणिक्यलाल वर्मा जनजाति संग्रहालय की स्थापना 30 दिसम्बर, 1983 को माणिक्यलाल वर्मा जनजाति शोध संस्थान द्वारा की गई थी।

6. निम्न में से असत्य युग्म है–
(1) राव माधोसिंह संग्रहालय– कोटा
(2) मोती महल संग्रहालय– बूँदी
(3) सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय– जयपुर
(4) लोकवाद्यों का संग्रहालय– जयपुर (4)

**व्याख्या–** लोकवाद्य संग्रहालय जोधपुर में स्थित है।

7. असत्य कथन छांटिए–
(1) गुड़िया घर– जयपुर
(2) संजय शर्मा ग्रंथ संग्रहालय– जयपुर
(3) सरस्वती पुस्तकालय– झुंझनूं
(4) स्वामी विवेकानन्द म्यूजियम– झुंझनूं (3)

**व्याख्या–** सरस्वती पुस्तकालय फतेहपुर (सीकर) में स्थित है।

8. किस संग्रहालय में पगड़ियों का विशाल भण्डार स्थित है?
(1) राजकीय संग्रहालय (उदयपुर)
(2) हल्दीघाटी संग्रहालय
(3) राजकीय संग्रहालय (जोधपुर)
(4) बागोर हवेली संग्रहालय (4)

9. किस संग्रहालय का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज है?
(1) राजकीय संग्रहालय (उदयपुर) (2) हल्दीघाटी संग्रहालय
(3) राजकीय संग्रहालय (जोधपुर) (4) बागौर हवेली संग्रहालय (2)

**व्याख्या–** हल्दीघाटी संग्रहालय राजसमंद में स्थित है इसका निर्माण मोहनलाल श्रीमाली ने अपने निजी खर्च से किया।

10. चारचौमा अभिलेख, कन्सुआ अभिलेख व शीतलेश्वर महादेव अभिलेख किस संग्रहालय में स्थित है?
(1) राजकीय संग्रहालय (कोटा)
(2) राजकीय संग्रहालय (भरतपुर)
(3) राजकीय संग्रहालय (अलवर)
(4) राजकीय संग्रहालय ( उदयपुर) (1)

11. निम्न में से असत्य युग्म है–
(1) बिड़ला तकनीकी म्यूजियम– सीकर
(2) उम्मेद भवन पैलेस संग्रहालय– जोधपुर
(3) मेहरानगढ़ संग्रहालय– जोधपुर
(4) मारवाड़ का मुकुट सरदार संग्रहालय– जोधपुर (1)

**व्याख्या–**बिड़ला तकनीकी म्यूजियम पिलानी (झुंझनूं) में स्थित है।

12. राजस्थान का सबसे प्राचीन संग्रहालय है?
(1) केंद्रीय संग्रहालय, अल्बर्ट हॉल (जयपुर)
(2) राजकीय संग्रहालय (अलवर)
(3) सिटी पैलेस म्युजियम (उदयपुर)
(4) मोती महल संग्रहालय (बूँदी) (1)

13. मीरां संग्रहालय कहाँ स्थित है?
(1) सज्जनगढ़ (2) बागौर
(3) मेड़ता सिटी (4) चौहटन (3)

**व्याख्या–** मीरां संग्रहालय मेड़ता कस्बे में राव दुदागढ़ परिसर में स्थापित है।

14. अल्बर्ट हॉल में संग्रहालय की स्थापना किस शासक के समय की गई?
(1) महाराजा रामसिंह द्वितीय (2) महाराजा माधोसिंह प्रथम
(3) महाराजा माधोसिंह द्वितीय (4) महाराजा रामसिंह प्रथम (3)

**व्याख्या–** अल्बर्ट हॉल के भवन की नींव का पत्थर महाराजा रामसिंह द्वितीय के शासनकाल में 1876 ई. में प्रिंस अल्बर्ट ने रखा। महाराजा माधोसिंह द्वितीय के समय 1887 ई. सर एडवर्ड ब्रेडफोर्ड ने इसका उद्घाटन कर विधिवत् रूप से जनता के लिए खोल दिया।

15. किस संग्रहालय में मिस्र से प्राप्त 'तुतु' नाम की महिला की ममी प्रदर्शित है?
(1) संजय शर्मा संग्रहालय (2) अल्बर्ट हॉल संग्रहालय
(3) मोती महल संग्रहालय (4) बिड़ला म्युजियम (2)

16. **किस संग्रहालय की स्थापना में कैलाश सांखला के प्रयासों का बहुमूल्य योगदान है?**
(1) लोक वाद्यों का संग्रहालय (जोधपुर)
(2) आचार्य रामचरण प्राच्य विद्यापीठ संग्रहालय (जयपुर)
(3) प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय (जयपुर)
(4) मोती महल संग्रहालय (बूँदी) (3)

**व्याख्या–** प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय जयपुर के रामनिवास बाग में संचालित जन्तुआलय में यह 'नेचुरल हिस्ट्री म्युजियम' स्थित है।

17. **किस संग्रहालय में सुगाली देवी की प्रतिमा, गरासियों के वाद्ययंत्र व इंडो सोरसेनिक युग के सिक्कों का भण्डार है?**
(1) प्राच्य विद्यापीठ संस्थान, जोधपुर
(2) सरस्वती पुस्तकालय, फतेहपुर
(3) बांगड़ राजकीय संग्रहालय, पाली
(4) भारतीय लोक कला मंडल संग्रहालय, उदयपुर (3)

18. **किस संग्रहालय का संचालन बीकानेर के लालगढ़ महल में किया जा रहा है?**
(1) करणी संग्रहालय (2) गंगा गोल्डन जुबली म्युजियम
(3) शार्दुल संग्रहालय (4) नाहटा संग्रहालय (3)

**व्याख्या–** यह संग्रहालय बीकानेर के लालगढ़ महल में संचालित है।

19. **एल.पी. टेस्सीटोरी के प्रयासों से स्थापित संग्रहालय है?**
(1) करणी संग्रहालय (2) गंगा गोल्डन जुबली म्युजियम
(3) शार्दुल संग्रहालय (4) अनूप संग्रहालय (2)

20. **किस संग्रहालय का उद्घाटन लार्ड लिनलिथगों द्वारा किया गया था?**
(1) शार्दुल संग्रहालय (2) अनूप संग्रहालय
(3) करणी संग्रहालय (4) गंगा गोल्डन जुबली म्युजियम (4)

21. **किस संग्रहालय की स्थापना 1955 में जयपुर में की गई, परन्तु बाद में 1960 में बीकानेर स्थानान्तरित किया गया?**
(1) राजस्थान राज्य अभिलेखागार
(2) अनूप संग्रहालय
(3) शार्दुल संग्रहालय
(4) करणी संग्रहालय (1)

22. **राजस्थान पुरातत्व व संग्रहालय विभाग की स्थापना कब हुई?**
(1) 1965 (2) 1950
(3) 1955 (4) 1960 (2)

23. **निम्न में से असत्य कथन है–**
(1) माणिक्यलाल वर्मा जनजाति संग्रहालय व शोध संस्थान–1983
(2) महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र–1805
(3) गंगा गोल्डन जुबली म्यूजियम–1937
(4) राजस्थान पुरातत्त्व व संग्रहालय विभाग–1960 (4)

**व्याख्या–** राजस्थान में पुरातत्त्व व संग्रहालय विभाग की स्थापना 1950 में की गई।

24. **महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र कहाँ स्थित है?**
(1) जयपुर (2) उदयपुर
(3) बीकानेर (4) जोधपुर (4)

25. **निजी क्षेत्र का नाहटा संग्रहालय कहाँ पर स्थित है?**
(1) रामबाग (जयपुर) (2) सरदारशहर (चुरू)
(3) लालगढ़ (बीकानेर) (4) लक्ष्मणगढ़ (सीकर) (2)

26. **मकराना के संगमरमर से निर्मित मारवाड़ का मुकुट सरदार संग्रहालय किस जिले में स्थित है?**
(1) जोधपुर (2) नागौर
(3) बीकानेर (4) बाड़मेर (1)

27. **1964 में गोविन्द अग्रवाल द्वारा स्थापित लोक संस्कृति शोध संस्थान संग्रहालय किस जिले में स्थित है?**
(1) चुरू (2) झुंझुनूं
(3) कोटा (4) जयपुर (1)

28. **देश का प्रथम उद्योग व तकनीकी म्यूजियम किस जिले में स्थित है?**
(1) सीकर (2) चुरू
(3) कोटा (4) झुंझुनूं (4)


**व्याख्या–** देश का प्रथम उद्योग और तकनीकी म्यूजियम बिड़ला तकनीकी म्यूजियम पिलानी (झुंझुनूं) में स्थापित किया गया है।


29. **संजय शर्मा ग्रंथ संग्रहालय स्थित है?**
(1) झुंझुनूं (2) कोटा
(3) उदयपुर (4) जयपुर (4)


**व्याख्या–** यहां 60,000 हस्तलिखित पोथियों का भण्डार, कपड़े पर लिखा कुरान शरीफ, आइने अकबरी का सचित्र हिन्दी अनुवाद तथा 1,00,000 से ज्यादा पाण्डुलिपियों का भण्डार मौजुद है।

30. **1960 में स्थापित आचार्य रामचरण प्राच्य विद्यापीठ संग्रहालय किस जिले में स्थित है?**
(1) जोधपुर (2) जयपुर
(3) कोटा (4) अजमेर (2)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।